# यूओयू के 8वें दीक्षांत समारोह में पहुंचे मुख्यमंत्री धामी का जोरदार स्वागत

**दीक्षांत समारोह**

**8 इस अवसर पर सीएम धामी ने विश्वविद्यालय के सभी छात्रों व शिक्षकों को बधाई दी।**




**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के अष्टम दीक्षांत समारोह में पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर सीएम धामी ने विश्वविद्यालय के सभी छात्रों व शिक्षकों को बधाई दी।
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने परीक्षा में सफल छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वे विश्वविद्यालय में कभी भी एक अतिथि के रूप में नहीं आते हैं बल्कि एक छात्र के रूप में आता हूं। मेरे अंदर छात्रों के बीच में जाने की एक उत्सुकता रहती है। उच्च शिक्षा उत्तराखंड में आज एक सेतु का काम कर रही है। उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय को नैक की बी प्लस की मान्यता मिली है। मुक्त विवि प्रदेश ही नहीं बल्कि देशभर में नाम कमा रहा है।
मुख्यमंत्री धामी ने छात्रों से कहा कि आज पूरा विश्व कई क्षेत्रों में आपका इंतजार कर रहा है। हमें समय के अनुकूल अपने को मजबूत बनाना होगा। अगर जीवन में आपके अंदर उत्साह और उमंग होगी तो सफलता अपने आप मिल जायेंगी। उन्होंने कहा कि 1920 से लेकर 1947 तक युवाओं ने स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया ऐसे नायक हमारे लिए प्रेरणा स्रोत बने और हम उनके पग चिह्नों पर चलें। यह सोच सभी के अंदर होनी चाहिए।
मुख्यमंत्री ने कहा कि आप जिस क्षेत्र में जाए उस क्षेत्र के लीडर बने और एक अलग तरह का योगदान दे। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने नई शिक्षा नीति को अपनाया है। सरकार लगातार उच्च शिक्षा को बढ़ावा दे रही है। विश्व विद्यालय में कर्मकांड जैसे विषय पढ़ाए जा रहे है।
उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार लगातार विकास की ओर अग्रसर है। हमारी सरकार राज्य को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने में प्रयासरत है। आने वाला समय उत्तराखंड का है। हम सबको मिलकर कार्य करना होगा। शिक्षा के क्षेत्र में और बेहतर कार्य करने होंगे।

# कांग्रेस नेता गणेश गोदियाल ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद से की भेंट

**आशीर्वाद**

**8 गोदियाल ने कनखल स्थित शंकराचार्य मठ पहुंचकर सरस्वती महाराज से भेंटकर आशीर्वाद लिया।**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कनखल स्थित शंकराचार्य मठ पहुंचकर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज से भेंटकर आशीर्वाद लिया।
स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद बुधवार से शीतकालीन चारधाम यात्रा पर निकले हैं। यात्रा का शुभारंभ नीलधारा पर गंगा पूजन से किया।
इस अवसर पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज के धर्मनगरी पहुंचने की सूचना मिली थी। उनसे आशीर्वाद लेने और उन्हें शीतकालीन चारधाम यात्रा की शुभकामनाएं देने मठ पहुंचे। उनकी शीतकालीन धार्मिक यात्रा से श्रद्धालुओं को भी सुविधा होगी और साथ-साथ पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। सरकार द्वारा यात्रा सुचारु रूप से संचालित रहनी चाहिए।
उन्होंने कहा कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की पहल सराहनीय है। उत्तराखंड देवभूमि है और संत, ऋषि, मुनि महात्माओं के दर्शन मात्र से ही जीवन सफल हो जाता है। महानगर अध्यक्ष सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती एक नई पहल करने जा रहे हैं जो कि बहुत प्रशंसनीय है।
इस अवसर पर युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष कैश खुराना, नितिन तेश्वर आदि ने भी स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद से आशीर्वाद लिया।

## न्यूज फ्लैश

### अलविदा ! 2023 : सिलक्यारा अभियान में संघर्ष, संकल्प और सफलता

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
वर्ष 2023 गुजर रहा है, लेकिन यह उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के एक छोटे से गांव सिलक्यारा की निमार्णाधीन सुरंग में जो कुछ हुआ, उसके लिए काफी समय तक याद रखा जाएगा। रोशनी के त्योहार दीपावली के दिन सिलक्यारा की निमार्णाधीन सुरंग के अंधेरे में 41 मजदूरों के फंस जाने की खबर ने देश दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा। फिर चला भारत का सबसे लंबा सिलक्यारा टनल रेस्क्यू अभियान, जिसके साथ 17 दिनों तक पूरे देश की सांसें अटकी रहीं। संघर्ष, संकल्प और फिर सफलता की अनूठी दास्तान इस अभियान के साथ जुड़ी रही, जिसमें एक तरफ वे मजदूर थे, जिन्होंने 17 दिन तक सुरंग में फंसे रहने के बावजूद धैर्य और हौसले की अनूठी मिसाल पेश की। दूसरी तरफ थे, केंद्र व राज्य सरकार की तमाम संस्थाओं के राहतकर्मी, जिन्होंने असाधारण कार्य कर एक दुरूह अभियान को सफलता का स्वाद चखाया। दिवाली के दिन 12 नवम्बर को चार धाम यात्रा परियोजना के लिए तैयार की जा रही सुरंग में 41 मजदूर रोजमर्रा की तरफ काम करने पहुंचे थे। यह सुरंग काफी खुद चुकी थी, लेकिन अचानक सुरंग में पहाड़ से मलबा आ जाने के बाद 41 मजदूर भीतर ही फंस गए। निमार्णाधीन सुरंग में जिस जगह पर मजदूर फंसे, वहां पर सुरंग के भीतर ही दो से ढाई किलोमीटर की जगह उपलब्ध थी, लेकिन आक्सीजन, खाने-पीने की चीजों की व्यवस्था जरूरी थी। इसके बाद, केंद्र और राज्य सरकार की तमाम एजेंसियां जुटीं और एक साथ कई योजनाओं पर काम शुरू हुआ।
पूरे 17 दिन तक अभियान के साथ उतार-चढ़ाव, उत्साह-मायूसी जैसी बातें घटती रहीं। पहाड़ की चट्टानों से मशीनों के हारने से लेकर रेट माइनर के हुनर से मोर्चा फतह कर लेने जैसी तमाम बातें इस अभियान से जुड़ी रहीं। सिलक्यारा की घटना के बाद दुनिया भर में ऐसी घटनाओं की जानकारी के लिए गूगल सर्च होने लगा, जिसमें लोग कई-कई दिन तक टनल या इसी तरह की किसी दूसरी आपदा में फंसे रह गए हो। भारत में इस तरह का यह पहला राहत अभियान बताया गया, जिसमें 17 दिन तक 41 मजदूर सुरंग में फंसे रहे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दिल्ली से सिलक्यारा मामले पर सीधे नजर बनाए रहे, तो उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तो मौके पर ही डटकर अभियान की मॉनीटरिंग करते रहे।
उत्तरकाशी का सिलक्यारा गांव, जिसका अच्छे से उत्तराखंड के भीतर ही कोई नाम नहीं था, देश-दुनिया में बहुचर्चित नाम बन गया। आपदा के बाद संघर्ष की कहानी सिलक्यारा में दिखी। इसी क्रम में उस संकल्प के दर्शन हुए, जिसमें 41 जिंदगियों को बचाने का पवित्र उद्देश्य सम्मिलित था और सफलता से युक्त सुखद परिणिति यह रही कि बगैर किसी को खरोंच तक आए सभी 41 जिदंगियां अंधेरे से उजाले में आ गईं।

### कांग्रेस ने मुख्यमंत्री के हल्द्वानी आगमन पर किया विरोध प्रदर्शन

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
कांग्रेसी कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को हर मोर्चे में विफल होने का आरोप लगाते हुए उनके हल्द्वानी आगमन पर विरोध प्रदर्शन किया।बुधवार को यूथ कांग्रेस कार्यकताओं ने युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू के नेतृत्व में सीएम हल्द्वानी दौरे का जोरदार विरोध करते काले गुब्बारे हवा में उड़ाये। इस दौरान पुलिस व कार्यकताओं के बीच जमकर धक्का मुक्की हुई। युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू ने सीएम धामी हर मोर्चे पर विफल हो रहे सरकारी मेडिकल कॉलेजों से लेकर खनन तक सब निजीकरण कर मोटा माल कमा रहे हैं। युवा रोजगार के लिये दर दर भटक रहे हैं और सीएम हवाई दौरे कर सरकारी खजाने को बर्बाद कर रहे हैं। साहू ने कहा राजपुरा जवाहर नगर में करीब 30 हजार से अधिक की आबादी निवास करती है। वर्षो तहसील दिवस समेत सैकड़ों बार सीएम को ज्ञापन भेजकर सीवर लाइन के निर्माण की मांग कर चुके हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नही होने से जनता को अभी भी खुले में शौच के लिये जाना पड़ रहा है।

# भीम आर्मी के सोनू लाठी को शादी में थिरकना पड़ा महंगा, मुकदमा दर्ज

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
भीम आर्मी के नेता सोनू लाठी को दोस्त की शादी में थिरकना महंगा पड़ गया है। उसका पिस्टल और बंदूक के साथ डांस सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।
मामले में बंदूक लाइसेंसधारी से बंदूक जब्त की गई है। पिस्टल के बारे में सोनू लाठी से पूछताछ की जा रही है। वायरल वीडियो रुड़की का बताया गया है।
सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो का संज्ञान लेते हुए पुलिस टीम द्वारा सोनू लाठी व लाइसेंस धारक के खिलाफ आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज किया गया है। साथ ही बंदूक के लाइसेंस धारक पुरुषोत्तम सिंह पुत्र मूला सिंह निवासी ढंढेरा से बंदूक जब्त की गई व वीडियो में दिखाई दे रहे पिस्टल के संबंध में सोनू लाठी से पूछताछ की जा रही है।



एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल ने चेतावनी दी है कि कई बार ऐसी हरकतों से बड़ी घटना घट जाती है सोशल मीडिया पर दबंगई दिखाने वालों को बख्शा नहीं जायेगा।

# आत्मा की विस्मृति ही हमारे दुखों का मूल कारण : निर्मला

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ढालवाला में "परमात्मा ज्ञान द्वारा सुख शांति की अनुभूति" कार्यक्रम आयोजित किया गया।
बुधवार को ढालवाला सब सेंटर की संचालिका राजयोगी, बालब्रह्मचारिणी निर्मला दीदी ने बताया कि हम शरीर को अपनी पहचान मानते हैं, जो कि पांच तत्वों का पुतला मात्र है, जिसे लेकर हम परेशान भी इसलिए रहते हैं ,क्योंकि हम अपनी शान से परिचित नहीं है, वास्तव में स्वयं की स्मृति परमपिता परमात्मा दिलाते हैं, जिन्हें हम पिता कहते हैं। आज आत्मा की विस्मृति ही हमारे दुखों का मूल कारण है।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयक्रित रावत अध्यापक भारत मंदिर इंटर कॉलेज ने प्रणाम व प्रार्थना की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जैसे हम बड़ों को प्रणाम करते हैं तो उनकी ब्लेसिंग आशीर्वाद व दुआओं के रूप में मिलता है, इसी प्रकार जब प्रभु से प्रार्थना की जाती है तो उनसे भी हमें आशीर्वाद एवं कृपा मिलती है। संस्था द्वारा स्मृति चिन्ह व आध्यात्मिक पुस्तिका देकर गुरु जी को सम्मानित किया गया।
ऋषिकेश सेंटर की प्रमुख संचालिका राजयोगिनी बालब्रह्मचारी आरती दीदी ने बताया कि आज साइंस के युग में सुख के साधन तो प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है, परंतु सुख रहे घटता जा रहा है, जबकि पूर्व में साधन बहुत कम थे ,परंतु सुख भरपूर था। जब लोग सारे कार्य अपने हाथों से करते थे। आज बटन दबाते व पलक झपकते ही कार्य तो हो जाते हैं, लेकिन मनुष्य फिर भी सुखी नहीं है।
मंच का संचालन संगीता बहन द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया। उन्होंने स्वागत गीत द्वारा अतिथि व सभी आगंतुकों का स्वागत किया। इस अवसर पर लोग उपस्थित रहे।

# गीता आश्रम में हुआ योग साधना सत्र

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
स्वर्गाश्रम स्थित श्री गीता आश्रम में त्रिदिवसीय आध्यात्मिक योग साधना सत्र हो गया। इसमें अध्यात्म की ओर कैसे बढ़े इस पर विस्तार से चर्चा की गई।
बुधवार को योग साधना सत्र के समापन अवसर पर तत्व बोध वेद धर्म शास्त्रों में आत्मा परमात्मा का मिलन योग अभ्यास ज्ञान वैराग्य आदि विषयों पर विद्वानों ने विचार व्यक्त किए। मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर स्वामी असंगानंद सरस्वती ने आगंतुक साधकों को संबोधित करते हुए कहा कि भगवत प्राप्ति का मार्ग ज्ञान एवं भक्ति द्वारा ही प्राप्त हो सकता है



दैनिक जीवन में अध्यात्म का होना बहुत आवश्यक है, ट्रस्ट अध्यक्ष डॉ. दीपक गुप्ता ने कहा कि आश्रम में इस प्रकार का यह प्रथम सत्र है। इससे आने वाले साधकों को आध्यात्मिक जीवन की प्रेरणा प्राप्त होगी ऐसा प्रयास भविष्य में भी किया जाता रहेगा। भानु मित्र शर्मा के संचालन में चलेने सत्र में उपस्थित विशेष महानुभावों में सर्व प्रदीप मित्तल एडवोकेट ,रामेश्वर चौहान ,आनंद गर्ग ,ज्ञानेंद्र बंसल ,जीएस रागी, एडवोकेट सरोज ,लाला इंद्रप्रकाश अग्रवाल, त्रिभुवन उपाध्याय ,प्रेम प्रसाद, उदय राम ,लक्ष्मण पुंडीर, साधना चौहान एवं अनेक साधकों ने भाग लिया।

# चार साल के बच्चे को उठा ले गया बाघ, शव बरामद

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
राजधानी दून में बाघ की दस्तक से पुलिस और वन महकमे में अफरा तफरी फैल गयी। बीती रात बाघ घर के आंगन से एक चार साल के बच्चे को उठा ले गया। सूचना मिलने पर पुलिस और वन महकमा मौके पर पहुंचा और बच्चे की तलाश शुरू की। उसका शव देर रात बरामद हो गया है।
उत्तराखंड राज्य में वन्य जीवों और मानव संघर्ष आम बात है। पहाड़ों से लेकर मैदानी क्षेत्रों तक में आय दिन गुलदार व बाघों के हमलों की खबरें सामने आती रहती हैं।

# अयोध्या से लाए गए अक्षत कलशों का त्रिवेणी घाट पर पूजन कर मंदिरों के लिए बैंड बाजों के साथ किया रवाना



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र से लाए गए पूजित अक्षत कलशों का ऋषिकेश के त्रिवेणी घाट पर विधि विधान से पूजन कर नगर क्षेत्र के अलग-अलग क्षेत्रों में स्थित मंदिरों में कलश स्थापना की गई।
बुधवार की सुबह त्रिवेणी घाट पर आयोजित कलश पूजन कार्यक्रम के दौरान स्वामी ह्यग्रिवाआचार्य और स्वामी परमानंद ने उपस्थित को संबोधित करते हुए कहा कि आज अयोध्या में बनाया जा रहा मंदिर हिंदू समाज की एकता का प्रतीक है। अगर हिन्दू समाज एकत्रित ना होता तो मंदिर का निर्माण होना संभव नहीं था। इसके निर्माण को रोकने के लिए पूर्ववर्ती सरकारों ने निहत्थों कारसेवकों, साधु-संतों और हिन्दू समाज पर बर्बरता से गोलियां चलाकर उनकी हत्या की थी, जिससे सरयू का जल पूरी तरह रक्तरंजित हो गया था। आाखिरकार 500 वर्षों का कलंक समाप्त होने के बाद अब मंदिर का निर्माण पूर्ण होने जा रहा है। इन कलशों का सभी भक्तों को दर्शन करने चाहिए।
श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र से पूजित अक्षत कलशों का क्षेत्र के ब्राह्मणों ने विधि विधान से हनुमान चालीसा के साथ पूजन किया। नगर क्षेत्र के भिन्न-भिन्न मंदिरों में इनकी स्थापना की गई। नगर कार्यक्रम प्रमुख दीपक तायल के अनुसार नगर के अलग-अलग क्षेत्र में पूजित मंदिरों में स्थापित अक्षत कलशों के माध्यम से श्रीराम भक्त घर-घर पूजित अक्षत का वितरण 1 जनवरी से 15 जनवरी तक करेंगे। उन्होंने कहा कि यह कार्य सभी दल संगठन से ऊपर उठकर समस्त हिन्दू समाज द्वारा किया जाएगा। 22 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर स्थापना दिवस को धूमधाम से मनाएगा। कलशों की स्थापना करने से पूर्व सभी क्षेत्रों से आई राम भक्तों की टोलियां ने बैंड बाजा के साथ नगर भ्रमण भी किया।

# पुलिस महानिरीक्षक ने किया शिविर का उद्घाटन

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
पुलिस महानिरीक्षक दूरसंचार कृष्ण कुमार वीके ने आरटीसी पुलिस लाइन, देहरादून में प्रचलित रेडियो परिचालन एवं अनुरक्षण प्रशिक्षण पाठ्यक्रम श्रेणी-तृतीय प्रशिक्षण में प्रशिक्षणाधीन प्रशिक्षुओं के शिविर का उद्घाटन किया।



शिविर में 232 प्रशिक्षु मुख्य आरक्षी (पुलिस दूरसंचार) को मानसिक तनाव से मुक्ति, महिला प्रशिक्षुओं को स्त्री रोग सम्बन्धित सामान्य जानकारी, प्रशिक्षण अवधि में प्रशिक्षुओं को शारिरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए चिकित्सीय लाभ प्रदान करने की जानकारी दी गई। यह जानकारी महन्त इन्द्रेश अस्पताल के सहयोग से एक दिवसीय चिकित्सा शिविर के रूप में दी गई। बुधवार को इस चिकित्सा शिविर में महन्त इन्द्रेश अस्पताल से स्त्री रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, मनोचिकित्सक एवं डाइटीशियन की टीम द्वारा प्रशिक्षुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया एवं परीक्षणोपरांत प्रशिक्षुओं की स्वास्थ्य सम्बन्धित समस्याओं का निदान किया।
पुलिस अधीक्षक (पुलिस दूरसंचार) मुख्यालय/प्रशिक्षण उत्तराखण्ड, अपर पुलिस अधीक्षक (पुलिस दूरसंचार) प्रशिक्षण उत्तराखण्ड, पुलिस उपाधीक्षक (पुलिस दूरसंचार) प्रशिक्षण उत्तराखण्ड उपस्थित थे। कृष्ण कुमार वीके पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस दूरसंचार, उत्तराखण्ड देहरादून की अध्यक्षता में आरटीसी पुलिस लाईन देहरादून में प्रचलित प्रशिक्षण में प्रशिक्षणाधीन 232 प्रशिक्षु मुख्य आरक्षी (पुलिस दूरसंचार) के मासिक सम्मेलन का भी आयोजित किया गया।

# दीवार निर्माण को लेकर रेलवे के खिलाफ फूटा लोगों का गुस्सा

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
जनपद के लक्सर क्षेत्र के लोको कालोनी रेलवे प्लाट में बनने वाली 8 फुट ऊंची दीवार को तत्काल रुकवाये जाने की मांग को लेकर पीड़ित लोगों ने आज तहसील परिसर पहुंच कर जोरदार प्रदर्शन कर ठेकेदार के विरुद्ध नारेबाजी की। साथ ही उपजिलाधिकारी गोपाल सिंह चौहान को ज्ञापन सौंपा।
कांग्रेस प्रदेश महासचिव राजेश रस्तोगी ने बताया कि लोको कॉलोनी वार्ड नंबर 6 स्थित रेलवे प्लांट में पिछले एक सप्ताह से दीवार बनाने का कार्य ठेकेदार कर रहा है। रेलवे प्लांट के चारों तरफ रेलवे के अवकाश प्राप्त कर्मचारी निवास करते हैं। उनके निजी मकान बने हुए हैं। रेलवे प्लाट बिल्कुल खाली है, जिसमें केवल एक शिव मंदिर बना हुआ है, जो प्लांट के बीचो-बीच है। उन्होंने कहाकि प्लांट के चारों तरफ लोहे के तारबाड़ की बाउंड्री 1975 से बनी हुई है, उसी के अंदर से प्लांट के चारों तरफ रहने वाले अवकाश प्राप्त रेलवे कर्मचारी आते जाते रहते हैं, किंतु अब प्लाट के चारों तरफ ईट की पक्की 8 फुट की ऊंची दीवार बनाई जा रही है, जिस कारण लोगों को भारी परेशानी हो रही है। क्योंकि दीवार बनने से हवा पानी सब बंद हो जाएगा। आने जाने का कोई रास्ता लोगों का नहीं बचेगा।



इस संबंध में नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष अमरीश गर्ग, लक्सर विधायक मोहम्मद शहजाद, हरिद्वार के सांसद रमेश पोखरियाल निशंक को पीड़ित लोगों ने मिलकर मामले की पूरी जानकारी दी है, किंतु आज तक जनहित में कोई कार्रवाई इस संबंध में नहीं हुई है, इसलिए लोगों का असंतोष और अधिक बढ़ रहा है।
रस्तोगी ने कहा कि यदि एक सप्ताह के अंदर अंदर उक्त निर्माण कार्य रुकवा कर लोगों को रास्ता नहीं दिलवाया जाता तो लोगों द्वारा धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिसका कांग्रेस पार्टी समर्थन करेगी। उन्होंने कहा कि पीड़ित लोगों के हक में यदि दीवार गिराना जरूरी हुआ तो उससे भी पीछे नही हटेंगे।
इस अवसर पर किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव अजय वर्मा, नीरज सागर एडवोकेट, बीना रस्तोगी एडवोकेट, राजीव गोयल, भाजपा नेता अजय वर्मा, बंटूपाल पूर्व सभासद, अशोक कुमार एड़वोकेट पूर्व सभासद, रमेश पाल रेलवे ड्राइवर, श्रीमती रश्मिता, जिला महासचिव संगठन अजित सिंह, इशान अली, राकेश कुमार, गौरव गोयल, महफूज खान, इसरार, राकेश शर्मा, सत्यपाल सैनी आदि उपस्थित थे।

# इंटर कालेज देवाल में प्रवक्ताओं की नियुक्ति की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के देवाल अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कालेज के अभिभावकों ने विद्यालय में अंग्रेजी और अर्थशास्त्र के प्रवक्ताओं की नियुक्ति के साथ ही अन्य समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर बुधवार को देवाल बाजार में जुलूस निकाल कर प्रदर्शन किया। बीडीओ के माध्यम से शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत को ज्ञापन भेजा।
अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बुधवार को अभिभावक अध्यापक संगठन के अध्यक्ष गोबिन्द राम सोनी के नेतृत्व में



अभिभावकों ने देवाल बाजार में सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मुख्य बाजार होते हुए ब्लाक कार्यालय परिसर में पहुंचे। अभिभावक संघ के अध्यक्ष का कहना है पांच वर्ष से देवाल इंटर कालेज में अंग्रेजी और अर्थशास्त्र प्रवक्ता विषय के पद रिक्त चल रहा है। जिससे छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है, वहीं लम्बे समय से विद्यालय में एनसीसी और अन्य विषय खोलने की मांग की जा रही है। सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है।

# मोदी सरकार सैनिकों के सम्मान के प्रति गंभीर : गणेश जोशी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने बुधवार को अठूरवाला, भानियावाला देहरादून स्थित हिलेरी वाटिका में आयोजित उत्तराखण्ड पूर्व सैनिक एवं अर्द्ध सैनिक संगठन के 29वां स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।
सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी सभी पूर्व सैनिकों तथा उनके परिवार जनों को स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जवानों के साथ दीपावली मनाते हैं। यह



इस बात का प्रतीक है कि मोदी सरकार सैनिकों के सम्मान ओर उनके आश्रितों के कल्याण के लिए कितनी गंभीर है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री मोदी के पद चिह्नों पर प्रदेश में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सैनिक और उनके आश्रितों के कल्याण के लिए अनेकों जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा वीरता चक्र श्रृंखला से अलंकृत सैनिकों और वीर नारियों को उत्तराखंड परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क यात्रा सुविधा प्रदान की जा रही है। इसके लिए मंत्री जोशी ने मुख्यमंत्री का आभार भी व्यक्त किया।
उन्होंने कहा यह सैन्य धाम आने वाली अनेक पीढ़ियों के लिए राष्ट्र आराधना के एक दिव्य प्रेरणा पुंज के रूप में कार्य करेगा। उन्होंने कहा प्रदेश के सभी विश्राम गृहों को हाईटेक रूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा सैनिकों के सम्मान और उनके परिवारजनों के कल्याण के लिए राज्य सरकार कृत संकल्पित है। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कार्यक्रम में वीर नारियों को भी सम्मानित किया।
इस अवसर डोईवाला विधायक बृजभूषण गैरोला,निदेशक दून डिफेन्स एकेडमी सन्दीप गुप्ता, केंद्रीय अध्यक्ष आर.एस.भंडारी, कर्नल रघुवीर भंडारी, डी.डी.जोशी, राजेंद्र शाह, कर्नल देवन्द्र, कर्नल वेटरन सुमीत सूद,कर्नल डी०आर ठाकुर,कर्नल कैलाश चन्द्र देवरानी, मेजर पी० सी० पन्त,जिलाध्यक्ष पछुवा दून जसबीर राणा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र नेगी सहित पूर्व सैनिक एवं उनके परिवारजन उपस्थित थे।

# आवास मंत्री ने आवंटित किए पांच आवास

**आवास आवंटन**

8 डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि आवास विभाग द्वारा कुल 20 परियोजनाओं में कार्य किया जा रहा है।



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
विधानसभा स्थित कार्यालय कक्ष में आवास मंत्री डॉ. प्रेम चन्द अग्रवाल ने बुधवार को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी एएचपी) के अन्तर्गत पांच आवासीय परियोजनाओं के तहत लाभार्थियों को आवास आवंटन किये।
डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि आवास विभाग द्वारा कुल 20 परियोजनाओं में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मंगलौर रुड़की आवासीय परियोजना, हरिद्वार के तहत 542, अनेकीहेत्तमपुर आवासीय परियोजना, हरिद्वार के तहत 845, महुवाखेड़ागंज आवासीय परियोजना, ऊधमसिंह नगर के तहत 98, मानपुर आवासीय परियोजना, उधमसिंह नगर के तहत 108 तथा ऊमेधपुर-रामनगर आवासीय परियोजना, नैनीताल के तहत 390 कुल 1983 लाभार्थियों को आवास आवंटित किये गये हैं। उत्तराखंड आवास एवं विकास परिषद द्वारा अब तक आवासीय परियोजनाओं के प्रथम चरण में कुल लगभग 6463 आवासों का आवंटन किया जा चुका है।
उन्होंने कहा कि शेष परियोजनाओं के आवंटन हेतु आवेदन पत्र लेकर आवास हेतु सत्यापन की कार्यवाही गतिमान है एवं शीघ्र ही इनका आवेदन भी सुनिश्चित कर लिया जायेगा।

# मॉडल विलेज के रूप में विकसित होगा चमोली का रौली-ग्वाड़ गांव

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिला मुख्यालय गोपेश्वर से सटे रौली-ग्वाड़ गांव को मॉडल विलेज बनाने के लिए जिला प्रशासन ने कवायद शुरू कर दी है। इसके लिए विभागीय योजनाओं के समन्वय से विशेष कार्ययोजना तैयार की जा रही है। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने रौली क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण के दौरान मुख्यालय से सटे गांव में शत प्रतिशत विभागीय योजनाओं से आच्छादित के निर्देश दिए हैं। गोपेश्वर से सटे रौली-ग्वाड़ गांव में प्रगतिशील किसान उद्यान विभाग के सहयोग से पॉली हाउस में सब्जियों के साथ ही लीलियम के फूलों का उत्पादन से बेहतर आय अर्जित कर रहे हैं।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में योजनाओं का किया जा रहा प्रचार प्रसार

**संकल्प यात्रा**

8 लाभार्थियों को केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भारत सरकार की प्रमुख लाभार्थीपरक योजनाओं के संतृप्तीकरण के लिए लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध रूप से पंहुचाने हेतु ह्यविकसित भारत संकल्प यात्राह्व कार्यक्रम जनपद में 15 नवम्बर से संचालित की जा रही है।
योजना अन्तर्गत आईईसी वैन के माध्यम से आयोजित ह्व विकसित भारत संकल्प यात्राह्व द्वारा सरकार



की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। लाभार्थियों को केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा रहा है। ह्यविकसित भारत संकल्प यात्राह्व के ग्राम में पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने पूजा अर्चना एवं पारम्परिक तरीके से यात्रा का स्वागत किया। इसी क्रम में बुधवार को जनपद विकासखंड सहसपुर अन्तर्गत ग्राम भगवंतपुर में जिलाधिकारी सोनिका ने ह्वविकसित भारत संकल्प यात्राह्व कार्यक्रम के तहत आयोजित बहुउद्देशीय शिविर के अन्तर्गत कार्यक्रम स्थल पर लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टॉल का अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।
जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए शिविर में आने वाले जनमानस से विभिन्न योजनाओं हेतु आवेदन की औपचारिकताएं पूर्ण करवाई जाएं तथा सरकार की योजनाओं से लभान्वित करें, जो व्यक्ति योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हैं उनसे अन्य लोगों को भी जागरूक करने का अनुरोध किया ताकि अन्य लोग भी सरकार की जनकल्याणकरी योजनाओं से संतिप्त हो सके।
कार्यक्रम में जिला खाद्य सुरक्षा विभाग, मत्स्य, समाजकल्याण, सहकारिता, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, ग्राम्य विकास अभिकरण, डेरी, स्वास्थ्य, आयुष, बाल विकास,कृषि, महिला कल्याण, पंजाब नेशनल आदि विभागों के स्टॉल लगाकर जनमानस को योजनाओं से लभान्वित किया गया।
इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, जिला प्रोबेशन अधिकारी मीना बिष्ट, मुख्य कृषि अधिकारी लतिका सिंह, मुख्य उद्यान अधिकारी डॉ मीनाक्षी जोशी, खण्ड विकास अधिकारी सहसपुर सोनम गुप्ता, ग्राम प्रधान भगवंतपुर सुरेन्द्र कोठारी सम्बन्धित विभागों के अधिकारी एवं कार्मिक तथा स्थानीय जनमानस उपस्थित था।

## संक्षिप्त खबरें

### नहर में डूबे व्यक्ति का शव बरामद

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
कुल्हाल पुलिस चौकी क्षेत्र एक व्यक्ति नहर में डूब गया। सूचना पाते ही बुधवार को एसटीआरएफ के अपर उपनिरीक्षक सुरेश तोमर अपने सहयोगियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।
एसटीआरएफ टीम ने गहन सर्चिंग अभियान चलाया गया। खोज टीम ने शक्ति नहर से मृतक के शव को ढूंड निकाला और पुलिस को सौंप दिया। मृतक 28 वर्षीय इमरान पुत्र कालू खान कुंजा, कुल्हाल, देहरादून का निवासी था। मृत्यु के कारणों की खोज की जा रही है।

### दीपिका पादुकोण बनीं टेक्नो स्मार्टफोन की ब्रांड एंबेसडर

**देहरादून।** एक अभूतपूर्व कदम के तहत, प्रीमियम वैश्विक स्मार्टफोन ब्रांड टेक्नो को भारतीय सुपरस्टार दीपिका पादुकोण को अपना ब्रांड एंबेसडर घोषित करते हुए खुशी हो रही है। यह कदम उपभोक्ताओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए स्टाइलिश और सुलभ रहते हुए सर्वोत्तम नवाचार प्रदान करने के टेक्नो के प्रस्ताव में अगला कदम है।
टेक्नो उत्साह से भर गया है क्योंकि दीपिका प्रतिभा, करिश्मा और प्रतिष्ठितता का अविश्वसनीय मिश्रण ला रही हैं! यह रणनीतिक साझेदारी सिर्फ एक सहयोग नहीं है; यह युवा, विविध और गतिशील दर्शकों की धुन पर थिरकते हुए नवाचार की लहर पर सवार होने के लिए टेक्नो की ओर से पूर्ण प्रतिबद्धता है।
उत्साह के लिए तैयार हो जाइए क्योंकि दीपिका और टेक्नो अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से उपभोक्ताओं को सशक्त बनाने के लिए एक साथ आ रहे हैं! उनकी चमकदार उपस्थिति द्द स्क्रीन पर और स्क्रीन के बाहर – टेक्नो के तकनीकी दृश्य में लालित्य, बुद्धिमत्ता और बहुमुखी प्रतिभा की झलक जोड़ती है। टेक्नो न केवल मनोरंजन की दुनिया में बल्कि उससे परे बाधाओं को तोड़ने की दीपिका की प्रतिबद्धता का जश्न मनाता है। ब्रांड एंबेसडर के रूप में, दीपिका केंद्र स्तर पर काम कर रही हैं, पूरे बोर्ड में टेक्नो का प्रतिनिधित्व कर रही हैं और हर किसी के लिए नवीन और स्टाइलिश तकनीक को सुलभ बनाने के उनके दृष्टिकोण को मजबूत कर रही हैं। यह तकनीक का ग्लैमर से मिलन जैसा है, और यह एक एपिक शो बनने वाला है!
नए सहयोग पर टिप्पणी करते हुए, दीपिका पादुकोण ने कहा कि मैं इनोवेशन और स्टाइलिश स्मार्टफोन के पर्याय ब्रांड टेक्नो में शामिल होने के लिए उत्साहित हूं। टेक्नो का जीवनशैली-अनुरूप दृष्टिकोण नई पीढ़ी की भावना के साथ प्रतिध्वनित होकर नवीनता, शैली, डिजाइन और पहुंच का सहज मिश्रण है। मैं इस साझेदारी और आगे आने वाले रोमांचक अवसरों की प्रतीक्षा कर रहा हूं।
हाल ही में बनी साझेदारी के बारे में बोलते हुए, टेक्नो मोबाइल के सीईओ, अरिजीत तालापात्रा ने कहा कि हम दीपिका पादुकोण को टेक्नो के ब्रांड एंबेसडर के रूप में घोषित करते हुए रोमांचित हैं। दीपिका का करिश्मा, टेक्नो के इनोवेशन फोकस के साथ मिलकर, एक शक्तिशाली तालमेल बनाता है जो हमारी ब्रांड धारणा को मजबूत करेगा और युवा दर्शकों के साथ तालमेल बिठाता है। एक स्मार्टफोन ब्रांड होने के अलावा, टेक्नो एक जीवनशैली साथी बनने की आकांक्षा रखता है।

### स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस ने देहरादून में दावों के निपटान के लिए किया 19 करोड़ रुपये का भुगतान

**देहरादून।** भारत की अग्रणी स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमा कंपनी, स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस ने घोषणा की कि उसने पिछले 6 महीनों में, यानी अप्रैल 2023 से सितंबर 2023 के बीच देहरादून में 19 करोड़ रुपये के दावों का निपटान किया। कंपनी ने नेटवर्क अस्पतालों के दावे के निपटान के लिए 17 करोड़ रुपये और गैर-नेटवर्क अस्पतालों के दावों के निपटान के लिए 2 करोड़ रुपये का भुगतान किया। स्टार हेल्थ ने देहरादून में कैशलेस दावा निपटान के तौर पर 17 करोड़ रुपये से अधिक और प्रतिपूर्ति (रिइम्बर्समेंट) दावा निपटान के तौर पर 2 करोड़ रुपये का भुगतान किया। कंपनी ने ग्राहकों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को कायम रखते हुए, सभी कैशलेस दावों का निपटारा 2 घंटे के भीतर कर दिया। ज्यादातर मामलों में, कैशलेस उपचार के लिए शुरूआती ऑथराइजेशन 2 घंटे के भीतर दिया गया। कंपनी ने दावा प्रस्तुत करने के 7 दिनों के भीतर प्रतिपूर्ति दावों का भुगतान करने का प्रयास किया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ग्राहकों को प्रतिपूर्ति के मामले में भी निपटान में परेशानी का सामना न करना पड़े।
देहरादून में अप्रैल 2023 से सितम्बर 2023 के बीच 6 महीनों के दौरान, अधिकांश दावे अधिकांश दावे सर्जिकल उपचार से जुड़े थे, जिसके लिए 11 करोड़ रुपये के दावों का भुगतान किया गया। दावों के निपटान में मेडिकल उपचार से जुड़ी राशि 8 करोड़ रुपये रही।

# वार्षिक उत्सव के दौरान स्कूल प्रांगण नन्हे मुन्ने बच्चों की निर्मित आर्ट, क्राफ्ट की कृतियों से जगमगा उठा



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
योगेंद्र पब्लिक स्कूल के वार्षिक उत्सव के दौरान स्कूल का प्रांगण नन्हे मुन्ने बच्चों ने निर्मित विभिन्न आर्ट व क्राफ्ट की कृतियों से जगमगा उठा।
बुधवार को आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डा. रजनीश कुमार अरोड़ा न्यूरो सर्जन, एम्स ऋषिकेश ने दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य मीता चटर्जी ने बताया कि यह सभी चित्र नर्सरी, एल.के.जी., यू.के.जी. व कक्षा 1 के बच्चों ने घर में बेकार पड़ी, वस्तुओं से आकर्षक वस्तुएं बनाकर हमें सोचने पर मजबूर कर दिया कि हम उन का प्रयोग इस प्रकार क्यों नही कर पाते? कक्षा 2 व 3 के बच्चों द्वारा भारत के विभिन्न प्रांतों के भोजन प्रस्तुत कर ह्लअनेकता में एकताह्ल का सजीव चित्रण प्रस्तुत किया गया।
उत्तराखण्ड ,राजस्थान, उत्तर प्रदेश, केरल , गुजरात, पंजाब, महाराष्ट्र आदि के स्वादिष्ट भोजन का आनन्द हमें एक ही जगह पर प्राप्त हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के कक्षा 3, 4 व 5 के बच्चों ने चन्द्रयान के बारे में रोचक जानकारी दी जो सबके आकर्षण का केन्द्र बिन्दु रहा। कक्षा 3, 4 के बच्चों ने शानदार योगा का प्रर्दशन कर लोगों को योग के विभिन्न आसन जैसे-चक्रासन, बालासन, त्रिकोणासन, विक्षासन आदि के महत्व के बारे में बताकर उनको उनके स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया। निसन्देह इस पूरे कार्यक्रम में जितना प्रयास विद्यालय की अध्यापिकाओं ने किया उतना ही अथक प्रयास अभिभावकों का भी था जिस पर हम सभी को गर्व है। इस प्रदशनी में विद्यालय की प्रधानाचार्या मीता चटर्जी सहित विद्यालय की सभी अध्यापिकाए, अलका गुप्ता, सुधालिका भारद्वाज, नैन्सी भारद्वाज, ईषा तोमर, शील्पा व्यास, संगीता तिवारी, गीता शर्मा, अयुषी शर्मा, पारूल, कृष्णा राजवंशीाी, सुखदेव शर्मा आदि उपस्थित थे।
इस प्रदशनी में सम्मानित अतिथि अर्चना सिंह, डा. उत्तम कुमार, डा. प्रदीप कुमार मीणा, बलराम ओमर, डा. मीनशा शाह, दीलीप अग्रवाल, दुर्गा नोटियाल, रवीष गोयल, आदि भी उपस्थित थे।

# लंबे समय से गैंगस्टर एक्ट में फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
गैंगस्टर एक्ट में फरार चल रहे एक अभियुक्त को ज्वालापुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अभियुक्त लंबे समय से पुलिस को चकमा दे रहा था। पुलिस के मुताबिक फूल कुमार उर्फ फुल्लू पुत्र रामकिशन निवासी ग्राम सराय के खिलाफ कोतवाली ज्वालापुर में मुकदमा दर्ज है। अभियुक्त तब से लगातार फरार चल रहा था। उसे न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने ग्राम सेठपूरा थाना लक्सर से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# जीवन में लक्ष्य करें निर्धारित: रेखा आर्या

**सहभागिता**

8 रेखा आर्या ने "छात्रसंघ समारोह" कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
प्रदेश की मंत्री रेखा आर्या ने बुधवार को श्री गुरु राम राय पीजी कॉलेज में आयोजित "छात्रसंघ समारोह" कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की। मंत्री रेखा आर्या ने सभी छात्रों को नशे से दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि नशा हमारा और हमारे समाज का सबसे बड़ा शत्रु है। उन्होंने छात्रों को जीवन में




लक्ष्य निर्धारित करने के लिए कहा, ताकि हम कहीं भटकें ना, और सफलता हमारे कदम चूमे।
उन्होंने कहा कि कहा छात्र देश का भविष्य ही नहीं अपितु वर्तमान भी है, यही हमारी विचारधारा होनी चाहिए।
उन्होंने कहा कि छात्रसंघ राजनीति की वह पहली सीढ़ी है,जिसके माध्यम से हम देश की राजनीति में भाग लेते हैं और छात्रसंघ से ही हमें समाज के नेतृत्व का अनुभव मिलता है। भारत देश विश्व का सबसे युवा देश है और यहां के युवा विदेशों में भी बड़ी-बड़ी कंपनियों में कार्यरत हैं और भारत का युवा हर क्षेत्र में भारत का नाम रोशन कर रहा है।

# दो बच्चों की शिक्षा का खर्च उठाएगा लायन तीर्थ

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
राजकीय प्राथमिक विद्यालय टाट वाला, ब्लॉक- बहादराबाद, में बुधवार को लायन क्लब की हुई बैठक में स्कूल के बच्चों को पढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर लायंस क्लब तीर्थ की तरफ से 87 बच्चों को सर्दी को देखते हुए स्वेटर बांटे गए। इस दौरान बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए लायन क्लब अध्यक्ष श्याम गोयल ने कहा कि जो भी बच्चा पढ़ने में तेज होगा उनमें से दो विशेष बच्चों को प्राइमरी से लेकर जब तक वे बच्चे शिक्षा ग्रहण करेंगे तब तक का सारा खर्च लायंस क्लब तीर्थ उठायेगा। उन्होंने शिक्षकों से अनुरोध किया की आप लोग ऐसे बच्चों का नाम



बताएं जिन्हें हम हर तरह से सहायता करके उनका चहुंमुखी विकास कर सकें और वह अपने गांव के साथ-साथ शहर एवं देश का नाम भी रोशन करें।
विद्यालय के प्रधानाध्यापक घनश्याम सिंह ने सभी लायन साथियों को धन्यवाद दिया तथा बच्चों की तरफ से नए वर्ष के ग्रीटिंग कार्ड वितरित कराए गए, जो बच्चों ने स्वयं अपने हाथों से बनाया था। इसी के साथ सहायक अध्यापक रियाज अली ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की और विद्यालय के लिए पूर्ण समर्पण से कार्य करने की शपथ ली। २बैठक में श्याम गोयल, चंद्र मोहन गोयल, चंद्र केसवानी, आजय मित्तल, विकास, रणवीर अहलावत, अतुल मित्तल आदि लोगों ने हिस्सा लिया।

# संतों के सानिध्य में मनाया गया विशुद्ध आश्रम का वार्षिकोत्सव

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
महामंडलेश्वर स्वामी अनंतानंद महाराज ने कहा है कि संतों का जीवन राष्ट्रहित और परोपकार के लिए समर्पित होता है। संतों के तपोबल से विश्व भर में भारत की विशेष पहचान है।
भूपतवाला स्थित विशुद्ध आश्रम के वार्षिकोत्सव पर आयोजित संत सम्मेलन में महामंडलेश्वर स्वामी अनंतानंद महाराज ने कहा कि देश को एकता के सूत्र में बांधने में मातृशक्ति का अहम योगदान है। साध्वी महंत रत्नो देवी वयोवृद्ध अवस्था में भी भारतीय संस्कृति एवं सनातन धर्म का प्रचार प्रसार कर राष्ट्र निर्माण में अपनी सहभागिता निभा रही है। संत समाज उनकी दीघार्यु की कामना



करता है।
युवा भारत साधु समाज के महामंत्री स्वामी रविदेव शास्त्री महाराज ने कहा कि संतों का जीवन निर्मल जल के समान होता है। संत महापुरुष अपने भक्तों को ज्ञान की प्रेरणा देकर उनके कल्याण का मार्ग प्रशस्त करते हैं। साध्वी महंत रत्नो देवी मातृशक्ति के रूप में समाज का मार्गदर्शन कर रही है। जो समस्त संतों के लिए गौरव की बात है। कार्यक्रम में पधारे सभी संतों का आभार व्यक्त करते हुए विशुद्ध आश्रम की अध्यक्ष साध्वी महंत रत्नो देवी ने कहा कि गौ सेवा, गंगा संरक्षण का संकल्प एवं समाज सेवा उनके जीवन का मूल उद्देश्य है।
हम सभी को राष्ट्र की एकता अखंडता बनाए रखने में अपने सहयोग को सुनिश्चित करना चाहिए।
इस अवसर पर स्वामी ज्ञानानंद शास्त्री, महंत दुगार्दास, महंत प्रहलाद दास, स्वामी हरिहरानंद, स्वामी दिनेश दास, स्वामी योगेंद्रानंद शास्त्री, महंत शिवानंद, स्वामी पूणानंद गिरी, महंत कृष्णदेव सहित हरपाल सुरेंद्र ओहरी सुभाष चंद्र राकेश खंडाली सुरेंद्र शैली उपस्थित रहे।

# सैंजी लगा मैकोट-बैमरू मोटर मार्ग निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से की मांग

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के दशोली विकास खंड के सैंजी लगा मैकोट-बैमरू मोटर मार्ग के निर्माण की मांग को लेकर बुधवार को ग्रामीणों ने एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि निर्माण कार्य शीघ्र शुरू नहीं होता है तो ग्रामीणों को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।
ग्रामीण प्रताप सिंह सनवाल, राकेश सिंह का कहना है कि बीते 22 दिसम्बर को भी ग्रामीणों ने जिलाधिकारी के माध्यम से एक ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेजा था जिसमें सैंजी लगा मैकोट-बैमरू मोटर मार्ग निर्माण का कार्य शुरू



करवाये जाने की मांग की थी। लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई सकारात्म पहल नहीं की जा रही है। जिससे ग्रामीणों में रोष पनपता जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र ही सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं किया जाता है तो ग्रामीणों को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। डीएम को ज्ञापन देने वालों में प्रताप सिंह सनवाल, राकेश सिंह, महेंद्र सिंह, महादेव भट्ट आदि शामिल थे।

## 'मां के गर्भ में भी मैंने क्रिकेट के बारे में सुनना शुरू कर दिया था'

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेटर स्मृति मंधाना बीते दिन मशहूर क्विज शो कौन बनेगा करोड़पति में नजर आईं। इस दौरान उन्होंने क्रिकेट जगत में अपने सफर पर रोशनी डाली। मंधाना, जिन्होंने हाल ही में मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की ऐतिहासिक टेस्ट जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, ने बताया कि कैसे वह पिछले 7 वर्षों में महिला क्रिकेट टीम में आगे बढ़ीं। मंधाना ने कहा कि यह उनके पिता थे जो चाहते थे कि वह एक क्रिकेटर बनें क्योंकि वह खुद अपनी नौकरी के कारण खेल को आगे नहीं बढ़ा सके। स्मृति ने कहा कि मेरे पिता और भाई को क्रिकेट खेलना बहुत पसंद था। दुख की बात है कि मेरे पिता नौकरी के कारण क्रिकेट को जारी नहीं रख पाए। इसीलिए वह चाहते थे कि उनके दोनों बच्चे क्रिकेट खेलें। उन्हें उम्मीद थी कि हममें से किसी एक को भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा। इसलिए, जब मैं छोटी थी तब से क्रिकेट के बारे में सुनती आ रही थी। शायद तब भी जब मैं अपनी मां के गर्भ में थी। मंधाना ने यह भी कहा कि अपने भाई को नेट्स पर बल्लेबाजी करते देखने के बाद उन्होंने अपनी बल्लेबाजी को दाएं हाथ से बदलकर बाएं हाथ की खिलाड़ी बना लिया। स्मृति ने कहा कि मैं अभ्यास सत्र में जाती थी और गेंद उठाकर अपने भाई की मदद करती थी। मैंने प्रैक्टिस नेट्स में उनके पीछे खड़े होकर बल्लेबाजी करना सीखा।

## मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या का शाही स्वागत

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के नए कप्तान हार्दिक पांड्या 19 दिसंबर को जामनगर में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहुंचे जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। इस भव्य कार्यक्रम में घोड़े, संगीत वाद्ययंत्र और बहुत कुछ शामिल था जो क्रिकेटर के गुजरात टाइटन्स से महत्वपूर्ण स्थानांतरण का जश्न मना रहा था। इस महीने की शुरुआत में आईपीएल 2024 की नीलामी से पहले हुई एक मेगा ट्रांसफर डील में मुंबई इंडियंस ने हार्दिक को फिर से टीम में शामिल किया था। भव्य रिसेप्शन का एक वीडियो अब एक्स, (पूर्व में ट्विटर) पर वायरल हो रहा है। आईपीएल सीजन की सबसे चर्चित डील के रूप में एक हार्दिक पंड्या की गुजरात टाइटंस से मुंबई इंडियंस के लिए सनसनीखेज डील थी। मुंबई इंडियंस ने 15 करोड़ रुपए के आश्चर्यजनक सौदे में पांड्या की सेवाएं हासिल कीं जो अपनी विशालता के कारण सुर्खियों में हैं। हालांकि फ्रैंचाइजी के प्रशंसकों को तब निराशा हुई जब टीम ने रोहित शर्मा की जगह हार्दिक पांड्या को टीम का कप्तान बनाने के अपने फैसले की घोषणा की।

आईपीएल में खिलाड़ियों के स्थानांतरण में खिलाड़ी, बेचने वाली टीम और खरीदने वाली टीम के बीच जटिल बातचीत शामिल होती है। इस मामले में हस्तांतरण शुल्क ने सौदे की गतिशीलता को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रिपोर्ट के मुताबिक 100 करोड़ रुपए की ट्रांसफर फीस न केवल हार्दिक पांड्या के कौशल पर लगाए गए प्रीमियम को उजागर करती है, बल्कि लंबी अवधि के लिए एक खिलाड़ी को सुरक्षित करने में मुंबई इंडियंस की रणनीतिक दूरदर्शिता पर भी जोर देती है।

## पहले टेस्ट के पहले दिन भारत के डगआउट में दिखाई दिए रिंकू सिंह

**सेंचुरियन।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच सेंचुरियन के सुपरस्पोर्ट पार्क में पहला टेस्ट खेला जा रहा है। इस दौरान उभरते सितारे रिंकू सिंह को भारतीय डग-आउट में बैठे देखा गया। श्रृंखला के शुरुआती मैच के पहले सत्र के दौरान जब टेलीविजन कैमरे उनकी ओर आए तो रिंकू सिंह मैच देख रहे थे और ध्यान केंद्रित कर रहे थे। पहले सत्र के दौरान रिंकू ने भारत की टेस्ट प्रैक्टिस जर्सी पहनी हुई थी।

रिंकू सिंह ने दक्षिण अफ्रीका में टी20आई श्रृंखला में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और पहला टी20आई बारिश के कारण रद्द होने के बाद दूसरे टी20आई में 39 गेंदों में 68 रन और तीसरे टी20आई में उपयोगी योगदान दिया जिसे भारत ने जीतकर श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली। मौजूदा दौरे पर रिंकू सिंह ने अपना वनडे डेब्यू भी किया। उन्होंने सीरीज के निर्णायक मैच में 38 रन की मैच जिताऊ पारी खेली और केएल राहुल की अगुवाई वाली टीम ने वनडे सीरीज 2-1 से जीतकर इतिहास रचा। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने फिनिशर की भूमिका निभाते हुए काफी परिपक्वता दिखाई और टी20 सीरीज में भी लंबा खेल खेलने को तैयार हैं। टीम प्रबंधन रिंकू सिंह को भारतीय क्रिकेट के संभावित सुपरस्टारों में से एक के रूप में देख रहा है। पहला वनडे कॉल-अप और दक्षिण अफ्रीका के अपने पहले दौरे पर उन्हें खेल के 50 ओवर के प्रारूप में अवसर मिले। टी20 में रिंकू सिंह के करियर की जोरदार शुरुआत हुई है। कोलकाता नाइट राइडर्स के स्टार ने 12 मैचों में 65.50 की औसत और 180.68 की स्ट्राइक रेट से 262 रन बनाए हैं।

# वार्षिकी: भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के लिए यादगार रहा वर्ष 2023

**नई दिल्ली।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने 2023 में कुछ यादगार प्रदर्शन किए, जिसमें उनकी सबसे प्रिय यादें जापान में महिला जूनियर एशिया कप से जुड़ी हैं। टीम ने फाइनल में कोरिया को 2-1 से हराकर भारत के इतिहास में पहली बार जूनियर एशिया कप ट्रॉफी जीती। टीम के लिए पहली अंतरराष्ट्रीय यात्रा फरवरी में दक्षिण अफ्रीका की थी। भारतीय टीम ने तीनों मैचों में दक्षिण अफ्रीका की अंडर-21 टीम को हराया और अपने आखिरी मैच में दक्षिण अफ्रीका की 'ए' टीम ने उसे 4-4 से ड्रा पर रोका।

इसके बाद 18 सदस्यीय दल ने काकामिघारा, गिफू प्रीफेक्चर, जापान के लिए उड़ान भरी और एक रोमांचक फाइनल मैच में कोरिया को 2-1 से हराकर महिला जूनियर एशिया कप 2023 का खिताब जीता। इस विजयी भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के सभी 18 सदस्य टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का हिस्सा थे।

महिला जूनियर एशिया कप 2023 जीतने के पलों को याद करते हुए, भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की कप्तान प्रीति ने एक आधिकारिक बयान में कहा, 'हम ट्रॉफी वापस लाने के लिए उत्साहित थे, और तथ्य यह है कि हम महिला जूनियर एशिया कप जीतने वाले भारत के पहले समूह थे। उस समय टीम में कुछ खास था, हम फ्री-फ्लोइंग हॉकी खेल रहे थे, इस प्रक्रिया में ढेर सारे गोल कर रहे थे और हमारा जीतना तय था। वापस लौटने पर हमें जो प्यार



और समर्थन मिला, वह जबरदस्त था और मैं आभारी हूं कि हमें इसका अनुभव मिला।'

जैसे ही टीम एफआईएच जूनियर हॉकी विश्व कप 2023 के लिए तैयार हुई, जून में भारतीय पुरुष हॉकी टीम के पूर्व कप्तान तुषार खांडकर को भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के विकास का नेतृत्व करने के लिए नियुक्त किया गया। अगस्त में, उनके साथ हरमन वरुइस भी शामिल हुए, जिन पर दोनों भारतीय जूनियर हॉकी टीमों की देखरेख की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने 4 देशों के टूर्नामेंट - डसेलडोर्फ 2023 में भाग लिया, जहां इस साल अगस्त में उनका सामना जर्मनी, स्पेन और इंग्लैंड से हुआ। इस बीच, डिफेंडर सोनिया देवी क्षेत्रिमायुम और फॉरवर्ड डिपी मोनिका टोप्पो उस टीम का हिस्सा थे जिसने ओमान के सलालाह में उद्घाटन महिला एशियाई हॉकी 5एस विश्व कप क्वालीफायर जीता था। टीम नवंबर में एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2023 के लिए अपना दावा पेश करने के लिए सैंटियागो, चिली के लिए रवाना हुई। शुरुआती मैच में कनाडा के खिलाफ शानदार जीत के बाद, भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम जर्मनी और बेल्जियम से हारकर अपने पूल से बाहर हो गई। लेकिन उनकी भावना बरकरार रही, जिससे उन्हें क्लासीफिकेशन मैचों में न्यूजीलैंड, कोरिया और संयुक्त राज्य अमेरिका को हराने की प्रेरणा मिली और अंततः विश्व कप में वे 9वें स्थान पर रहे। प्रीति ने कहा, 'कुल मिलाकर यह एक यादगार वर्ष था, हमने अच्छी शुरुआत की लेकिन एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2023 में चूक गए। हालांकि हम विश्व कप में बेहतर परिणाम चाहते थे, इस वर्ष टीम की वृद्धि आश्चर्यजनक रही है। खिलाड़ियों ने तकनीकी रूप से सुधार किया, सामरिक ज्ञान प्राप्त किया, और जब इसकी सबसे अधिक आवश्यकता थी तब मानसिक लचीलापन दिखाया। मुझे गर्व है कि मुझे इस भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम का नेतृत्व करने का अवसर मिला।'

## वर्ष 2023 में प्रत्येक प्रमुख पदक जीतने वाले पहले भारतीय ट्रैक और फील्ड एथलीट बने नीरज चोपड़ा

**नई दिल्ली।** नीरज चोपड़ा ने 2023 में खेल में एक विशेष पूर्ण चक्र पूरा किया, और प्रत्येक प्रमुख पदक जीतने वाले पहले भारतीय ट्रैक और फील्ड एथलीट बन गए। उन्होंने अपना और भारत का पहला विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप स्वर्ण और अपना दूसरा एशियाई खेलों का स्वर्ण पदक जीता। ट्रैक के बाहर, नीरज ने हमें दिखाया कि वह सिर्फ एक चैंपियन एथलीट ही नहीं बल्कि एक चैंपियन इंसान भी है। भारत के विरोध करने वाले पहलवानों का समर्थन करने से लेकर अपनी प्रतिस्पर्धा के बीच में हमवतन किशोर जेना के लिए खड़े होने तक, उन्होंने महानता का एक और स्तर दिखाया।

ओलंपिक चैंपियन कमर की चोट से उबरकर वापस आए,



भारत के पहले ट्रैक और फील्ड विश्व चैंपियन बने और अपने एशियाई खेलों के खिताब का सफलतापूर्वक बचाव भी किया। इस दौरान, उन्होंने फाइनल में दूसरे स्थान पर रहने से पहले दो डायमंड लीग प्रतियोगिताएं जीतीं और अपने करियर का चौथा सर्वश्रेष्ठ थ्रो परफेक्ट 88.88 मीटर भी दर्ज किया। 2023 में उन्होंने जिन छह स्पर्धाओं में भाग लिया, उनमें से चार में वह पोडियम पर शीर्ष पर रहे।

**पूरे वर्ष भारतीय एथलीटों का समर्थन करते रहे नीरज चोपड़ा**

इस वर्ष नीरज हर जगह थे। जब किशोर को वर्ल्ड्स में प्रतिस्पर्धा करने के लिए समय पर वीजा नहीं मिल सका, तो नीरज ने इस मुद्दे को सत्ता तक पहुंचाने के लिए हस्तक्षेप किया। जब भारत के शीर्ष पहलवान भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व प्रमुख के विरोध में बैठे, तो नीरज ने सोशल मीडिया पर उन्हें अपना समर्थन दिया।

## आईसीसी महिला रैंकिंग : हक और कप्प की रैंकिंग में उछाल

**दुबई ।** आईसीसी महिला चैम्पियनशिप श्रृंखला के बाद बंगलादेश की सलामी बल्लेबाज फरगाना हक और दक्षिण अफ्रीका की गेंदबाज मारिजैन कप्प की महिला एकदिवसीय आईसीसी रैंकिंग में उछाल आया है। आईसीसी की विज्ञप्ति के अनुसार दूसरे मैच में 102 रन बनाने वाली हक दो स्थान के उछाल के साथ अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 13वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जबकि कप्प श्रृंखला के दूसरे और तीसरे मैच में 21 रन देकर दो विकेट लेने के बाद एक स्थान ऊपर उठकर आठवें स्थान पर आ गई हैं।

सुने लुस नाबाद 47 और 34 रन के स्कोर के बाद तीन स्थान उछाल के साथ 22वें स्थान पर पहुंच गई हैं। ताजमिन ब्रिट्स 50 और 118 के स्कोर के बाद 32 पायदान ऊपर 41वें स्थान पर और दूसरे मैच में 63 गेंदों पर नाबाद 65 रनों की मैच विजयी पारी के बाद एनेके बॉश 71 स्थान की छलांग लगाकर 70वें स्थान पर पहुंच गई हैं। नादिन डी क्लार्क चार स्थान ऊपर 19वें स्थान पर और नॉनकुलुलेको म्लाबा छह स्थान ऊपर 24वें स्थान पर घरेलू टीम से तालिका में ऊपर जाने वाले गेंदबाज हैं। बंगलादेश की लेग स्पिनर राबेया खान चार पायदान ऊपर 52वें स्थान पर हैं, जबकि रितु मोनी दोनों सूचियों में आगे बढ़ी हैं। बल्लेबाजों में आठ स्थान ऊपर 68वें और गेंदबाजों में चार स्थान ऊपर 90वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

## आईएसएल : घरेलू मैदान पर इन-फॉर्म केरला ब्लास्टर्स से भिड़ने को तैयार मोहन बागान

**कोलकाता।** मोहन बागान सुपर जायंट यहां अपने घरेलू मैदान साल्ट लेक स्टेडियम में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 मुकाबले में इन-फॉर्म केरला ब्लास्टर्स एफसी से भिड़ने के लिए तैयार है। मैरिनर्स नौ मैचों के बाद मुसीबत भरे हालात में फंसे हुए हैं, क्योंकि उन्हें पिछले दो मैचों में अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वियों के हाथों हार मिली।

जीत की पटरी से उतरने का यह सिलसिला मुम्बई में मोहन बागान के हाथों 2-1 की उनकी करारी हार के साथ शुरू हुआ, और फिर एफसी गोवा ने मजबूत प्रदर्शन करके मैरिनर्स को उनके ही घर में 4-1 से मात दी। जुआन फेरान्डो को तमाम समस्याओं के जवाब ढूंढने के लिए ड्राइंग बोर्ड पर वापस जाने की आवश्यकता होगी क्योंकि लगातार चोटों और प्रमुख खिलाड़ियों की अनुपस्थिति के कारण उनके पास एक कम क्षमतावान टीम रह गई है।दूसरी ओर, केरला ब्लास्टर्स एफसी एक ऐसी इकाई है जो इस सीजन में



फॉर्म दिखा रही है और मैरिनर्स की लड़खड़ाहट के रूप में इस अवसर को लेकर उत्सुक नजर आ रही है। हेड कोच इवान वुकोमानोविक की देखरेख में खेलने वाली टीम ने कप्तान एड्रियन लुना की चोट की चिंताओं को दूर कर दिया है, क्योंकि अन्य वरिष्ठ और अनुभवी स्टार खिलाड़ियों ने जिम्मेदारी संभाली है और लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। ब्लास्टर्स ने पिछले मैच में मुम्बई सिटी एफसी को 2-0 के अंतर से हराया था, लेकिन क्या वे आगामी मुकाबले में भी उस तरह का दमदार प्रदर्शन को दोहरा पाएंगे? मोहन बागान सुपर जायंट के स्पेनिश हेड कोच जुआन फेरांडो ने कहा, 'हम उसी स्थिति के साथ आगे बढ़ रहे हैं। आशीष और युस्टे अब खेल सकते हैं। मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण टीम है। हम अगले मैच के लिए तैयार हैं। हम सर्वश्रेष्ठ लाइन-अप, कौन फिट है, और तीन अंक जीतने के बारे में सोच रहे हैं।'

## भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने सिद्धिविनायक मंदिर में की पूजा-अर्चना

**मुंबई।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मुंबई के सिद्धिविनायक गणपति मंदिर में पूजा-अर्चना की। हरमनप्रीत की अगुवाई में भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ऐतिहासिक टेस्ट जीत हासिल की। यह क्रिकेट के सबसे लंबे प्रारुप में भारतीय टीम की ऑस्ट्रेलिया पर पहली टेस्ट जीत थी। इससे पहले हरमनप्रीत के नेतृत्व में भारत ने इस महीने की शुरुआत में इंग्लैंड की महिला टीम के खिलाफ एकमात्र टेस्ट भी जीता था।

आने वाले दिनों में हरमन वनडे और टी20 में टीम इंडिया की कप्तानी करेंगी, जबकि स्मृति मंधाना उनकी डिप्टी होंगी। टीम को इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में 2-1 से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार टेस्ट मैच जीतकर इतिहास रच दिया। भारतीय महिला टीम 28 दिसंबर, 30 दिसंबर और 2 जनवरी को तीन वनडे मैचों में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी। सभी मैच



मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले जाएंगे। तीन टी20 मैच 5, 7 और 9 जनवरी को नवी मुंबई में खेले जाएंगे।

एकदिवसीय टीमः हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, मन्नत कश्यप, सैका इशाक, रेणुका सिंह ठाकुर, तितास साधु, पूजा वस्त्राकर, स्नेह राणा और हरलीन देयोल।

टी20 टीमः हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, मन्नत कश्यप, सैका इशाक, रेणुका सिंह ठाकुर, तितास साधु, पूजा वस्त्राकर, कनिका आहूजा और मिन्नू मणि।

## डेविड वार्नर ने टेस्ट क्रिकेट में बतौर सलामी बल्लेबाज मार्कस हैरिस को बताया अपना विकल्प

**मेलबर्न।** अनुभवी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने रेड-बॉल क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज के तौर पर मार्कस हैरिस को अपना विकल्प बताया।

वार्नर ने पाकिस्तान के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच के पहले दिन उस्मान ख्वाजा के साथ पहले विकेट के लिए 90 रन की साझेदारी की। 37 वर्षीय खिलाड़ी ने 83 गेंदों में 38 रन बनाए। उनकी पारी का अंत सलमान अली आगा ने किया। अपनी पारी के बाद, वार्नर ने अपनी जगह लेने के लिए हैरिस का समर्थन किया। उन्होंने ईएसपीएनक्रिकइन्फो के हवाले से कहा, यह कठिन है। यह स्पष्ट रूप से चयनकर्ताओं पर निर्भर है। लेकिन मेरी स्थिति से, मुझे ऐसा लगता है कि हैरिस उस व्यक्ति की तरह है जिसने अपनी मेहनत पर भरोसा किया है। मुझे लगता है कि हैरी ही वह व्यक्ति है। उसे वह मौका मिलने वाला है। उसने विक्टोरिया एकादश बनाम पाकिस्तान के खिलाफ अभ्यास मैच में शतक बनाया। वार्नर ने कहा, वह कुछ अन्य मैचों में सफल नहीं हो सका, लेकिन वह हमेशा वह व्यक्ति रहा है जो अगली पंक्ति में था। यदि चयनकर्ता उस पर विश्वास दिखाते हैं, तो मुझे यकीन है कि वह बाहर आएगा और उसी तरह खेलेगा जैसे वह खेलता है। उसका खेल मुझसे बहुत ज्यादा भिन्न नहीं है। अगर वह अपने शॉट्स खेलता है, तो मुझे लगता है कि वह बतौर सलामी बल्लेबाज



अच्छी तरह से फिट होगा।

हैरिस ने विक्टोरिया इलेवन के लिए खेलते हुए पाकिस्तान के खिलाफ दो दिवसीय मुकाबले में 131 गेंदों में 126 रनों की पारी खेली थी। वार्नर ने आने वाले वर्षों के लिए दूसरे सलामी बल्लेबाज के रूप में ओपनिंग पार्टनर उस्मान ख्वाजा का समर्थन किया। बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच के पहले दिन ख्वाजा सहज दिख रहे थे और 42 रन की अपनी पारी के दौरान उन्होंने उस सतह पर जरा भी गलती नहीं की, जो तेज गेंदबाजों को मदद करती दिख रही थी। वार्नर ने कहा, मुझे लगता है कि ख्वाजा अब ऐसे खेल रहा है जैसे हर खेल उसका आखिरी खेल है। वार्नर ने कहा, वह जब तक संभव हो खेलता रहेगा और यह उसकी मानसिकता का सच्चा प्रमाण है। उसके पिछले 12 महीने बिल्कुल अभूतपूर्व रहे हैं और वह जब तक चाहे तब तक खेल सकता है और सहज महसूस कर सकता है।

## आईआईएमटी में शुरू हुई सेंट्रल जोन इंटर यूनिवर्सिटी फुटबाल चैंपियनशिप

**मेरठ।** फुटबाल के पीछे भागते खिलाड़ी। हर किक पर बदलता मैच का रुख। दूसरी टीम के गोलपोस्ट को भेदने की जद्दोजहद करते खिलाड़ी। सर्द मौसम में गर्मजोशी से रोमांच से भरपूर मैच को देखते उत्साहित दर्शक। यह दृश्य आईआईएमटी विश्वविद्यालय में शुरू हुई सेंट्रल जोन इंटर यूनिवर्सिटी फुटबाल पुरुष चैम्पियनशिप का है।

आईआईएमटी विश्वविद्यालय में मंगलवार से सेंट्रल जोन इंटर यूनिवर्सिटी फुटबाल पुरुष चैम्पियनशिप शुरू हुई। मुख्य अतिथि अन्तरराष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी नीशू कुमार, विशिष्ट अतिथि आईआईएमटी विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ दीपा शर्मा, कुलसचिव डॉ वीपी राकेश और मेरठ जिला फुटबाल संघ के सचिव ललित पंत ने मंच





से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के डीन डॉ वरेंद्र सिंह पटियाल ने अतिथियों को चैंपियनशिप के उद्देश्य के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज के अन्तर्गत हो रही चैंपियनशिप में सेंट्रल जोन की 40 से अधिक टीमें भाग ले रही हैं। अन्तरराष्ट्रीय फुटबाल खिलाड़ी नीशू कुमार ने चैंपियनशिप का शुभारंभ किया। ग्राउंड वन में पहले मुकाबले में एलएनआईपी विश्वविद्यालय ग्वालियर ने एमजीकेयूपी विश्वविद्यालय वाराणसी को 3-1 से पराजित किया। दूसरे मैच डॉ भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय आगरा ने एकतरफा मुकाबले में मेडिकैप्स विश्वविद्यालय इंदौर को 4-0 से हरा दिया। तीसरे मैच में शारदा विश्वविद्यालय नोएडा ने अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रेवा को 3-0 से पराजित किया। ग्राउंड-2 में खेले गये पहले मुकाबले में सीसीएस विश्वविद्यालय मेरठ ने यूनिवर्सिटी ऑफ इलाहबाद को 2-0 से पराजित कर अगले चरण में प्रवेश किया। दूसरे मैच में प्रयागराज विश्वविद्यालय ने अवध विश्वविद्यालय को 3-1 से हराया। अलीगढ़ विश्वविद्यालय अलीगढ़ ने बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी को 3-1 हराया। मंच का संचालन डॉ कन्हैया कुमार ने किया। इस अवसर पर आईआईएमटी विश्वविद्यालय के निदेशक प्रशासन डॉ संदीप कुमार, क्रीड़ा अधिकारी अंशी शर्मा, डॉ दीपशिखा राघव, प्रगति राठी, फुटबाल कोच सिद्धार्थ राठी, कोच संदीप शर्मा, डॉ दीवेश चौधरी, डॉ संगीता सिंह, डॉ दीपक, डॉ विजय प्रकाश, अविनाश सिंह बिष्ट, ज्ञानप्रकाश, मीडिया प्रभारी सुनील शर्मा आदि का योगदान रहा।

## महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी: मंजू, सोनिया सहित आरएसपीबी की आठ मुक्केबाज सेमीफाइनल में

**ग्रेटर नोएडा।** मंजू रानी (48 किग्रा) और सोनिया लाठेर (57 किग्रा) के नेतृत्व में रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड (आरएसपीबी) की आठ मुक्केबाजों ने जीबीयू इंडोर स्टेडियम स्टेडियम में आयोजित 7वीं एलीट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मंजू और सोनिया के अलावा, अनामिका (50 किग्रा), ज्योति (52 किग्रा), शिक्षा (54 किग्रा), अनुपमा (70 किग्रा), नंदिनी (75 किग्रा) और नूपुर (81 किग्रा) ने आरएसपीबी के लिए पदक की गारंटी दी है। 48 किग्रा के मुकाबले में, आरएसपीबी की मंजू रानी ने दिल्ली की संजना पर दबदबा दिखाया और जजों ने 5-0 का फैसला सुनाया। सेमीफाइनल में मंजू का मुकाबला ऑल इंडिया पुलिस (एआईपी) की मिनाक्षी से होगा। 2016 विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता आरएसपीबी की सोनिया लाठेर ने हिमाचल प्रदेश की विनाक्षी धोटा को 5-2 से हराने के बाद पंजाब की मंदीप कौर के साथ सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस बीच, मनदीप ने एआईपी की प्रीति पर 4-1 से जीत हासिल कर अंतिम चार में अपनी जगह पक्की कर ली। एक अन्य मैच में, 2022 राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड (एसएससीबी) की जैस्मीन ने 60 किग्रा वर्ग में महाराष्ट्र की पूनम कैथवास पर आरएससी जीत हासिल की और सेमीफाइनल में पहुंची, जहां उनका सामना हिमाचल प्रदेश की मेनका देवी से होगा। मेनका ने क्वार्टर फाइनल में तमिलनाडु की पीएस गिरिजा पर 4-1 से जीत हासिल की। 63 किग्रा वर्ग में, एआईपी की सोनू ने जजों को प्रभावित करते हुए 2022 सीनियर नेशनल चैंपियनशिप विजेता शशि चोपड़ा के खिलाफ 5-2 से फैसला अपने पक्ष में किया। सोनू का मुकाबला उत्तर प्रदेश की रिंकी शर्मा से होगा, जिन्होंने हिमाचल प्रदेश की मुस्कान राणा को 5-0 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। युवा विश्व चैंपियन अंकुशिता बोरो ने 66 किग्रा वर्ग में आरएसपीबी की अंजलि तुशीर पर 5-0 से जीत दर्ज की। बोरो की सेमीफाइनल प्रतिद्वंद्वी, हिमाचल प्रदेश की दीपिका ने भी यूपी की रेखा के खिलाफ आसानी से 5-0 से जीत हासिल की। 81 किलोग्राम भार वर्ग में हरियाणा की स्वीटी बूरा ने अपना दबदबा बरकरार रखा। महाराष्ट्र की सई दावखर का सामना करते हुए, 2023 विश्व चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता अपने प्रतिद्वंद्वी पर इस हद तक हावी हो गई कि रेफरी को प्रतियोगिता रोकनी पड़ी। एक अन्य 81 किग्रा मुकाबले में, असम की भाग्यवती कचारी आंध्र प्रदेश की अपनी प्रतिद्वंद्वी सैतेजस्विनी मैनेनी पर इतनी भारी पड़ गई कि रेफरी ने प्रतियोगिता रोक दी, जिससे स्वीटी के खिलाफ सेमीफाइनल की चुनौती खड़ी हो गई।

